हाउस टैक्स में फर्जीवाड़े से भवन स्वामी परेशान

कंपनी ने जिन सम्पत्तियों का किया सर्वे, वो पहले से है दर्ज

(आज समाचार सेवा)

कानपुर 12 जुलाई। नगर निगम की राजस्व को बढ़ाने के लिए वर्ष २००६ में नए सिरे से हाउस टैक्स लगाने को लेकर जीआईएस सर्वे में की गई गड़बड़ियों को लेकर अफसर परेशान है। वही नगर निगम के हाउस टैक्स में फर्जीवाड़े से भवन स्वामी परेशान है। बताते है सम्पत्तियों का सर्वे कर रही आईटीआई लि. संस्था के दिए गए आंकड़ों में अपर नगर आयुक्त ने बड़ा गड़बड़झाला पकड़ा है। संस्था की ओर से सर्वे में खोजी गई दाई लाख की सम्पत्तियों की जांच में ५० फीसदी पहले से ही नगर निगम के पोर्टल पर दर्ज मिली है। इसके साथ ही कुल सम्पत्तियों में भी नगर निगम के अफसरों को १.७६ लाख सम्पत्तियों का अन्तर मिला है। जिसके बाद नगर निगम ने कंपनी को फिर से सम्पत्तियों का मिलान करने के निर्देश दिए है। शासन द्वारा हाउस टैक्स की मद में नगर निगम की आय को बढ़ाने के लिए नामित संस्था से सर्वे कराया था। इसके लिए नगर निगम ने जोनवार अफसरों को लगाया , ताकि एक-एक सम्पत्ति का निरीक्षण के साथ ही सत्यापन हो सके। साथ ही आवासीय और व्यवसायिक सम्पत्तियों का मिलान हो सके। बताते है जीआईएस सर्वे का काम करने वाली संस्था द्वारा लापरवाही के चलते काम किया गया। संस्था ने सर्वे के बाद पिछले माह की २६ जून को नगर निगम को जानकारी देते हुए बताया अभी नगर निगम क्षेत्र में कुल २१३९६० सम्पत्तियों का मिलान हो गया है। जबकि ६७७३० सम्पत्तियों का मिलान नहीं हो सका है।सर्वे में ७०९४५ प्लाट्स भी सामने आए है। संस्था ने जो जानकारी दी। इसमें बताया गया कि हमने २७१७५१ नई सम्पत्तियां खोजी है। इससे नगर निगम की आय बढ़ेगी। संस्था ने बताया कि कानपुर नगर निगम सीमा में ६२४३८६सम्पत्तियां हो गई है। नगर निगम के अधिकारी हाउस टैक्स बिल संशोदन के नाम पर सिर्फ टहलाने का काम करते है। जिसके चलते रोजाना पार्षदों के यहॉ बिल संशोधन कराने के लिए भवन स्वामियों की काफी भीड़ जुट रही है। जीआईएस सर्वे में गड़बड़ियों को लेकर महापौर प्रमिला पाण्डेय व नगर आयुक्त से दर्जनों लोग अवगत करा चुके है।

महापौर प्रमिला पांडेय से शिकायते करते लोग।

● जी आई एस सर्वे को लेकर आ रही हैं शिकायतें

महापौर ने भवन स्वामियों से जीआईएस की आपत्तियों को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

कानपुर 12 जुलाई। महापौर प्रमिला पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोविन्द नगर स्थित श्री मुनि हिन्दु इण्टर कालेज में जीआईएस की आपत्तियों को प्राप्त करने और निस्तारण हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग आपत्तियां लेकर आए। कैम्प में महापौर के समक्ष लगभग 45 से 50 भवन स्वामी आपत्तियां दर्ज कराने आए। जिसके दौरान महापौर ने कई लोगों की आपत्तियों को सुना और जांच /परीक्षण कर हाउस टैक्स सही पाए जाने पर आपत्तियों का निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। कैम्प में वार्ड 7,48,93,20, 81,45 की वार्डवार प्राप्त आपत्तियों को स्थलीय जांच हेतु सम्बन्धित राजस्व निरीक्षक को प्राप्त करा दिया गया है। जिसको 3से 4 दिन में निस्तारण के निर्देश दिए गए है। कैम्प में भाजपा पार्षद दल के उपनेता नवीन पंडित , जोन 5 के जोनल अधिकारी विनय प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे ।

हैलट में लेजर से पाईलो नाईडल साईनस की सर्जरी को लेकर शोध शुरू

कानपुर,12जुलाई। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से संबद्ध हैलट के सर्जरी विभाग में लेजर से पाईलो नाईडल सर्जरी को लेकर शोध शुरू हो गया है। दरअसल हैलट में आम तौर पर पहले प्लास्टिक सर्जन ओपेन सर्जरी के जरिये रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले छोर के पास पाईलो नाईडल साईनस की सर्जरी कर पस व खून के रिसाव से राहत दिलाते थे। सर्जरी विभाग में लेजर तकनीक से पाईलो नाईडल साईनस की सर्जरी की शुरूआत बीते सालों हो चुकी है। लेजर से उक्त पाईलो नाईडल सर्जरी के खासे केस डाक्टरों ने किये हैं। सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने ओपेन एवं लेजर से पाईलो नाईडल साईनस की सर्जरी का तुलनात्मक अध्ययन कर शोध भी शुरू किया है। सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा जी डी यादव के मुताबिक पहले उपरोक्त जटिल पाईलो नाईडल साईनस से राहत दिलाने के लिये प्लास्टिक सर्जन ओपेन सर्जरी के जरिये आपरेशन कर रोगियों को राहत देते थे। इधर हैलट में उपरोक्त सर्जरी लेजर के जरिये भी हो रही है। ऐसे में पाईलो नाईडल साईनस की ओपेन व लेजर सर्जरी का तुलनात्मक अध्ययन कर शोध चल रहा है। अभी तक फिलहाल लेजर से उपरोक्त सर्जरी के बेहतर परिणाम मिले हैं।

बरसात का पानी गली में भरने से लोगों का घरों से निकलना दूभर

(आज समाचार सेवा)

कानपुर,12 जुलाई। बरसात के बाद जलभराव की समस्या एक बार फिर लोगों के लिए आफत बनकर आयी है। ऐसा ही एक नजारा वार्ड 36 बाबूपुरवा शनिदेव मंदिर के सामने वाली गली में देखने को मिला। जहां बरसात का पानी लोगों के घरों व गलियों में भर जाने के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर है। वार्ड 36 निवासी राजकुमार ने बताया कि बरसात शुरु होते ही क्षेत्र में जलभराव की समस्या शुरु हो गयी है। इलाके के सीवर लाइन पूरी तरह से चोक पड़ी हुई है। जिसका नतीजा है कि बारिश का पानी लोगों के घरों में भरने के साथ ही गलियों में भी भर जाता है। जिससे घरों में निकलना मुश्किल हो जाता है। मामले की शिकायत संबंधित आलाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि से की गयी,लेकिन मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। चुनाव आते ही नेता बड़े-बड़े वादे करते है चुनाव बाद हालात जस के तस हो जाते है। लोगों का कहना था कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं होता है तो अधिकारियों के घर का घेराव किया जाएगा।

● वार्ड 36 शनिदेव मंदिर के पास का मामला

गलियों में भरा गंदा पानी।

जांच में हकीकत आई सामने तो लगी फटकार

कानपुर 12 जुलाई । सर्वे के दौरान 271751 नई सम्पत्तियों में लगभग 50 फीसदी ऐसी सम्पत्तियां मिली है। जो कि नगर निगम के अभिलेखो में पहले से ही दर्ज है। वहॉ से नगर निगम हाउस टैक्स तेजी के साथ वसूल रहा है।

डेंटल केयर का शुभारम्भ करते भाजपा नेता करन महाना, डॉ. आयुषी खन्ना।

प्रियदर्शन डेंटल केयर का शुभारंभ

कानपुर,12 जुलाई। रामलीला मैदान श्याम नगर के पास शुक्रवार को प्रियदर्शन डेंटल केयर का शुभारंभ भाजपा नेता करन महाना द्वारा किया गया। डेंटल केयर की डॉक्टर आयुषी खन्ना ने बताया कि वर्तमान समय में लोगों में दातों की बीमारी बढ़ी है। इसे देखते हुए लोगों को समय-समय पर दातों का चेकअप कराते रहना चाहिए। जिससे बीमारी बड़ी न बन सके। उनका कहना था कि सेंटर में मरीजों को बेहतर सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर मनोज खन्ना, रौनक खन्ना, सुरेन्द्र अवस्थी, मुकेश खरे आदि थे।

कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या-1318, ब्लाक-डब्लू/2, योजना संख्या-2 जूही कलां, कानपुर की लीजडीड दिनांक 05.10.1979 को प्राधिकरण द्वारा श्री हरीशचन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व0 बौनामल अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। कानपुर नगर निगम द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार मूल पट्टेदार श्री हरीशचन्द्र अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती रामसुम रानी की मृत्यु क्रमशः दिनांक 22.08.1999 एवं 21.05.2019 को हो गयी है तथा कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर कानपुर नगर द्वारा जारी पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-5771/अह0फौज/2019 दिनांक 04.09.2019 के अनुसार मृतको के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य शेष हैं:-1. योगेश अग्रवाल पुत्र उम्र 61 वर्ष 2. कु0 प्रतिभा अग्रवाल पुत्री अविवाहित उम्र 54 वर्ष 3. श्रीमती गीता अग्रवाल पुत्री विवाहित उम्र 52 वर्ष 4. राजेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र उम्र 49 वर्ष उपरोक्त के अलावा मृतको के परिवार में अन्य कोई सदस्य शेष नही है। उपरोक्त समस्त पारिवारिक सदस्यो द्वारा संयुक्त रूप से प्राधिकरण अभिलेखो में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उपरोक्तानुसार आवेदको का नाम प्राधिकरण अभिलेखो में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसो के भीतर साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय जोन-3 अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में श्री योगेश अग्रवाल, कु0 प्रतिभा अग्रवाल एवं श्री राजेश चन्द्र अग्रवाल पुत्रगण/पुत्रीगण स्व0 हरीशचन्द्र अग्रवाल तथा श्रीमती गीता अग्रवाल पत्नी श्री अरबिन्द कुमार अग्रवाल का नाम प्राधिकरण अभिलेखो में संयुक्त रूप से बतौर पट्टेदार अंकित किये जाने की कार्यवाही करा दी जायेगी तदोपरांत कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नहीं होगा। **अजय कुमार, विशेष कार्याधिकारी विक्रय जोन-3**

सड़क पर बिखरा पड़ा कचरा।

पं. श्याम बिहारी मिश्र मार्ग पर कूड़े का ढ़ेर बना मुसीबत

(आज समाचार सेवा)

कानपुर 12 जुलाई। गोविन्द नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र मैथानी के प्रयास से जेके मंदिर पीछे राजापुरवा से विजयनगर डबल पुलिया तक करोड़ो की लागत से बनाया गया पं.श्याम बिहारी मिश्र मार्ग पर सफाई कर्मचारी द्वारा कूड़े का ढेर लगा दिया गया है। जो सड़क से होकर निकलने वालो के लिए मुसीबत बना हुआ है। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए मार्ग पर कई जगह जलभराव भी है। जिससे आस-पास रहने वालो को संकामक रोगो का खतरा भी सताने लगा है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि पाण्डुनगर के पास पं.श्याम बिहारी मिश्र मार्ग पर लापरवाह सफाई कर्मचारी आए दिन कूड़ा डाल देता है। जिसको कई बार मना भी किया गया। लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। कूड़े का ढेर लगने के कारण उसकी दुर्गन्ध से आस-पास के लोग काफी परेशान है। जिन्होने कूड़ा उठवाने के साथ ही सम्बन्धित सफाई कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

● लापरवाह सफाई कर्मचारी ने सड़क किनारे लगा दिया कूड़े का ढेर

कार्यालय-उपनिदेशक, खेल,
क्षेत्रीय खेल कार्यालय, ग्रीनपार्क, कानपुर ।

पत्रांक 223/2024-[illegible]शन
पत्रा०/ [illegible]

ठेका वाहन/साइ[illegible]ना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय, ग्रीनपार्क, स्टेडियम, कानपुर में आने वाले वाहनों / साइकिल की सुरक्षा हेतु स्टैण्ड को गेट नं0– 2ए पार्किंग एरिया एवं गेट नं0– 10 बी पार्किंग एरिया को ठेके पर उठाये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता ग्रीनपार्क कार्यालय में किसी भी दिवस में रू0– 500=00 जमा कर निविदा फार्म एवं शर्ते दिनांक 22 जुलाई, 2024 तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा दिनांक 23 जुलाई, 2024 को सायं 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में रखे बाक्स में बन्द लिफाफा डाला जाएगा जो उसी दिन सांय 04.00 बजे सक्षम समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। निविदादाता को धरोहर धनराशि रू0–20,000=00 बैंक ड्राफ्ट उपनिदेशक, खेल क्षेत्रीय खेल कार्यालय, ग्रीनपार्क के पक्ष में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा की न्यूनतम् धनराशि रू0– 1,16,050=00 मात्र 31 मार्च, 2025 तक होगी ।

(आर0एन0सिंह)
उपनिदेशक, खेल
क्षेत्रीय खेल कार्यालय, ग्रीनपार्क ।

पेंशन करें बहाल, नहीं तो चक्का जाम

कानपुर,12 जुलाई। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आवाहन पर शुक्रवार को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ने मंडल अध्यक्ष कामरेड मनोज त्रिपाठी की अगुवाई में सेंट्रल स्टेशन पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना और प्रदर्शन किया। चालक लॉबी के पास एकत्र हुए यूनियन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने पहले धरना दिया, फिर प्रदर्शन व नारेबाजी की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यूनियन 2023 से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन कर रही है। तीन दिवसीय भूख हड़ताल समेत अब कई बार प्रदर्शन किया गया है। पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि पेंशन योजना बहाल नहीं की गई तो रेल का चक्का जाम किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष नरेश यादव, विक्रम सिंह, केएम तिवारी, अनूप यादव, राम निवास मीना, महेंद्र यादव, रवि शंकर सिंह, अंकित शुक्ला, महेंद्र सिंह, अजीत यादव आदि रहे।

प्रदर्शन करते यूनियन के लोग ।

अधिकारी को ज्ञापन देते लोग।

वैज्ञानिक विधि से करें अरहर की खेती, बढ़ेगी पैदावार

कानपुर, 12 जुलाई। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह की ओर से वैज्ञानिकों को जारी निर्देश के क्रम में आज विश्वविद्यालय के दलहन अनुभाग के प्रो एवं दलहन वैज्ञानिक डॉक्टर अखिलेश मिश्रा ने पिछेती अरहर की वैज्ञानिक खेती करें किसान होगा अधिक लाभ विषय पर एडवाइजरी किसानों के लिए जारी की है। डॉ मिश्रा ने बताया कि अरहर हमारे देश की प्रमुख दलहनी फसल है जिसे मुख्य रूप से खरीफ के मौसम में जुलाई में बुवाई की जाती है।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय माती अकबरपुर कानपुर देहात

File No.26098/2024-25/KV Mati Akbarpur/ Date: 12-07-2024

संविदा शिक्षकों/कर्मचारियों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन (Walk in Interview)

पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय माती में सत्र 2024–25 हेतु विभिन्न पदों पर संविदा शिक्षकों/प्रशिक्षकों का पैनल बनाने हेतु उपयुक्त उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ आमंत्रित किया जाता है।

दिनांक	कार्यक्रम	पद
20/07/2024	रिपोर्ट करने का समय 8 बजे	पीजीटी (इकोनोमिक्स) टीजीटी (इंग्लिश, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान), कम्प्यूटर अनुदेशक, योग प्रशिक्षक, नर्स, काउंसलर, खेलकूद कोच, स्पेशल एजुकेटर एवं प्राथमिक शिक्षक।

उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता, सेवा शर्तें एवं आवेदन पत्र आदि विद्यालय की वेबसाइट https:matiakabarpur.kvs.ac.in/से प्राप्त करें।
*आवेदन पत्र दिनांक 18/07/2024 (कार्य दिवसों में) सायं 04:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे।
साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्य

कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर विकास खण्ड–चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांक- /पंचम राज्य वित्त आयोग/ पन्द्रहवां वि.आ./मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव/24-25 दिनांक-12.07.2024

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर विकास खण्ड चौबेपुर के टिन धारक ईट, ईट गिट्टी, 40 एम.एम. एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओं से सीमेन्ट बालू, मौरंम, पत्थर गिट्टी 20 एम. एम. हयूम पाईप, टाइल्स चतुर्थ पंचम रा.वित्त आयोग/ पन्द्रहवॉ वि.आ./मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यो के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 19.07.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमंत्रि की जाती है। विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निर्धारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर कार्यालय से दिनांक 12.07.2024 से दिनांक 19.07.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु. 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 19.7.2024 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत इन्दलपुर शिवराजपुर कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
कार्यो का विवरण निम्नवत है।

क्र0	कार्य व कार्य स्थल का नाम	पंचम राज्यवित्त आयोग/पन्द्रहवा वि.आ.	मनरेगा योजनान्तर्गत	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह
2	आर.आर.सी. सेन्टर निर्माण का अतिरिक्त कार्य	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह
3	मेन रोड से छेदीलाल के खेत तक इन्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह
4	मेन रोड से सुनील शुक्ला के घर तक नाली निर्माण	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह
5	प्रा.वि. जवासी में दिव्यांग शौचालय का निर्माण कार्य/सुन्दरीकरण	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह
6	आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य।	प्राक्कलन के अनुसार			01 माह

ग्राम प्रधान-अनीता शुक्ला
ग्राम पंचायत-इन्दलपुर शिवराजपुर
विकास खण्ड-चौबेपुर, कानपुर नगर

ग्राम पंचायत सचिव-रोहन कनौजिया
ग्राम पंचायत-इन्दलपुर शिवराजपुर
विकास खण्ड-चौबेपुर, कानपुर नगर

टेलीकॉम कम्पनियों द्वारा रिचार्ज महगें करने पर डीएम को ज्ञापन

कानपुर,12 जुलाई। टेलीकॉम कमंननियों के द्वारा रिचार्ज महगें होने के चलते भारत की जनवादी नौजवान सभा कानपुर की जिला कार्यकारिणी के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालाय भारत सरकार नई दिल्ली को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह को सौपा। वहीं पार्टी के जिलामंत्री चमन खन्ना ने कहा कि कंपनियों द्वारा रिचार्ज प्लानों में अत्यधिक वृद्धि को लेकर वह आज जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा हैं इस तरह की हुई वृद्धि से छात्र छात्राओं पर अत्यधिक बोझ पड़ रहा हैं उनकी मांग हैं कि जो प्लानों में वृद्धि हुई हैं उसे वापस लिया जायें ऐसा ना करने पर सरकारी कंपनी बीएसनल को सरकारी निवेश कर उसे मजबूत किया जायें इस मौके रप अमित केशरवानी(जिला कोषाध्यक्ष) चमन खन्ना, अनूप कटियार ,साहिल कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहें।

समन बजरत इनफिसाल मुकद्मा (आर्डर 5,कायदा 1व 5 मसमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1907ई.) न्यायालय श्रीमान असिस्टेंड कलेक्टर प्रथम श्रेणी घाटमपुर,कानपुर नगर वाद सं.T202403410301852 वर्ष 2024ई. धारा 116 उ.प्र.राजस्व संहिता 2006 आराजी मौजा रामसारी, घाटमपुर, कानपुर नगर श्रीमती कमला देवी पत्नी करन सिंह निवासिनी गांव चन्दनपुर मजरा रामसारी,घाटमपुर,कानपुर नगर बनाम मुन्ना सिंह पुत्र सूरा सिंह निवासी गण रामसारी आदि मुन्ना सिंह,दिनेश सिंह, श्याम सिंह पुत्रगण सूरा सिंह, ऋषभ सिंह, प्रियंका सिंह, प्रिया सिंह पिता अर्जुन सिंह, ग्राम सभा रामसारी द्वारा ग्राम प्रधान रामसारी, घाटमपुर, कानपुर नगरवाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस बावत धारा 116 उ.प्र.राजस्व संहिता दायर की है,लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 18.07.2024ई. बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकद्मा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकद्मा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिये और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नींव जुमला दस्तावेजात् जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिये। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकद्मा गैर हाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 04.07.2024ई.जारी किया गया। आज्ञा से असिस्टेंड कलेक्टर प्रथम श्रेणी घाटमपुर,कानपुर नगर

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूति व सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सूरज वाटवानी (कर्जदार) पूजा वाटवानी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHKAN00001482885 & LHKAN00001482312	फ्लैट नं. 6 प्रथम तल पर परिसर नं. 122/458, बना लीजहोल्ड प्लाट नं. 471, ब्लाक- एच.एस.एन. स्कीम नं. 1, हरिहर नाथ शास्त्रीनगर,कानपुर नगर	रू. 32,95,820/- जुलाई 02,2024	रू. 31,75,200/- / रू. 3,17,520/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	राजेश सिंह (कर्जदार) अमर सिंह,मयंक सिंह, पारस सिंह (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHKAN00001324829	प्लाट नं. 129 आराजी नं. 1489 का भाग बड़ासिरोही कानपुर नगर में स्थित है	रू. 11,30,662/- जुलाई 02,2024	रू. 28,88,460/- / रू. 2,88,850/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
3.	ऋषि शंकर अवस्थी (कर्जदार) ऋषभ अवस्थी (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHKAN00001467043 & LHKAN00001467044	मकान नं. 127/1/21.डब्ल्यू-1, साकेतनगर, कानपुर नगर जिस पर प्लाट नं.1/21, ब्लाक- डब्ल्यू-1, स्कीम-2 , जूही, मोहल्ला-जूही,कानपुर नगर	रू. 23,65,070/- जुलाई 02,2024	रू. 2,03,47,740/- / रू. 20,34,780/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टेक** के वेबसाइट (**URL Link-https://BestAuctionDeal.com**) हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक पर संचालित की जायेगी/बंधक कर्ताओं को **अगस्त 13, 2024** तथा **अपराह्न-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।
अपेक्षिक बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवें/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी. आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड, भूमि तल, 104/438, पी. रोड, सीसामऊ, रामबाग चौराहा, कानपुर-208012** पर **अगस्त 13, 2024** के पूर्व अथवा तक **अपराह्न 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन** के पक्ष में **कानपुर** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-स्थान कानपुर** के नाम होना चाहिये।
निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्ते अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** या हमारे **सेल्स और मार्केटिंग हिस्सेदार नैक्सजेन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड** से सम्पर्क किया जा सकता है।
अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तो हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: जुलाई 13, 2024
स्थान: कानपुर।

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड
CIN Number-U65922MH1999PLC120106